भारत सरकार

विद्युत मंत्रालय

....

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या-1750

दिनांक 15 दिसंबर, 2025 को उत्तरार्थ

उत्तराखंड में एनटीपीसी तथा एनएचपीसी की योजनाएं

1750. # श्री महेंद्र भट्ट:

क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) केंद्र सरकार की कंपनियों एनटीपीसी तथा एनएचपीसी द्वारा उत्तराखंड में कुल कितनी जल विद्युत परियोजनाओं का संचालन किया जा रहा है;

(ख) इन जल विद्युत परियोजनाओं से बनने वाली बिजली से कुल कितनी बिजली उत्तराखंड को दी जा रही है;

(ग) क्या इन कंपनियों द्वारा नई परियोजनाओं के प्रस्ताव भी सरकार के विचाराधीन हैं; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

विद्युत राज्य मंत्री
(श्री श्रीपाद नाईक)

(क) : वर्तमान में, एनएचपीसी लिमिटेड की दो जल विद्युत परियोजनाएं नामतः टनकपुर (94.2 मेगावाट) और धौलीगंगा (280 मेगावाट) उत्तराखंड राज्य में संचालित की जा रही हैं। इसके अलावा, एनटीपीसी लिमिटेड की कोई जल विद्युत परियोजना वर्तमान में उत्तराखंड राज्य में संचालित नहीं है।

(ख) : एनएचपीसी जल विद्युत परियोजनाओं से पिछले 3 वर्षों और वर्तमान वर्ष (अप्रैल-अक्टूबर, 2025) के दौरान उत्तराखंड राज्य को आपूर्ति की गई कुल विद्युत की मात्रा निम्नानुसार है:

(आंकड़े मिलियन यूनिट (एमयू) में)

क्रम सं.	**जल विद्युत परियोजना का नाम**	**2022-23**	**2023-24**	**2024-25**	**2025-26 (अप्रैल-अक्तूबर, 2025)**
1	**टनकपुर (94.2 मेगावाट)**	65.8	56.2	56.8	50.6
2	**धौलीगंगा (280 मेगावाट)**	216.8	175.0	192.6	155.3

(ग) और (घ) : वर्तमान में, उत्तराखंड राज्य में एनएचपीसी लिमिटेड और एनटीपीसी लिमिटेड द्वारा नई जल विद्युत परियोजनाओं के लिए कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन नहीं है। तथापि, एनटीपीसी लिमिटेड की तपोवन विष्णुगढ़ (520 मेगावाट) नामक एक जल विद्युत परियोजना उत्तराखंड के चमोली जिले में निर्माणाधीन है।

****